UP Board Solutions Class 11 भारत भौतिक पर्यावरण Chapter 1 भारत-स्थिति Bharat Bhautik Paryavaran

प्र0 1. बहुवैकल्पिक प्रश्न
(i) निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षांशीय विस्तार भारत की संपूर्ण भूमि के विस्तार के संदर्भ में प्रासंगिक है?
(क) 8° 41′ उत्तर से 35° 7′ उत्तर
(ख) 8° 4′ उत्तर से 35° 6′ उत्तर
(ग) 8° 4′ उत्तर से 37° 6′ उत्तर
(घ) 6° 45′ उत्तर से 37°6′ उत्तर
उत्तर- (ग) 8° 4′ उत्तर से 37°6′ उत्तर

(ii) निम्नलिखित में से किस देश की भारत के साथ सबसे लंबी स्थलीय सीमा है?
(क) बांग्लादेश
(ख) पाकिस्तान
(ग) चीन
(घ) म्यांमार
उत्तर- (क) बांग्लादेश

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा देश क्षेत्रफल में भारत से बड़ा है?
(ख) फ्रांस
(क) चीन
(ग) मिस्र
(घ) ईरान
उत्तर- (क) चीन

(iv) निम्नलिखित याम्योत्तर में से कौन-सा भारत का मानक याम्योत्तर है?
(क) 69° 30′ पूर्व
(ख) 75° 30′ पूर्व
(ग) 82° 30′ पूर्व
(घ) 90° 30′ पूर्व
उत्तर- (ग) 82° 30′ पूर्व

(v) अगर आप एक सीधी रेखा में राजस्थान से नागालैंड की यात्रा करें तो निम्नलिखित नदियों में से किस एक को आप पार नहीं करेंगे?
(क) यमुना
(ख) सिंधु

evidyarthi

(ग) ब्रह्मपुत्र
(घ) गंगा
उत्तर- (ख) सिंधु

प्र0 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में दीजिए।
(i) क्या भारत को एक से अधिक मानक समय की आवश्यकता है? यदि हाँ तो आप ऐसा क्यों सोचते हैं?
उत्तर- हाँ भारत को एक से अधिक मानक समय की आवश्यकता है क्योंकि देशांतर रेखाओं के मानों से स्पष्ट होता है कि इनमें लगभग 30 डिग्री का अंतर है जो हमारे देश के सबसे पूर्वी व पश्चिमी भागों के समय में लगभग 2 घंटों का अंतर होता है। कुछ ऐसे देश हैं, जिनमें अधिक पूर्व पश्चिम विस्तार के कारण एक से अधिक मानक देशांतर रेखाएँ हैं। उदाहरणस्वरूप संयुक्त राज्य अमेरिका में सात मानक समय तथा सोवियत संघ में 11 मानक समय निर्धारित किए गए हैं।

(ii) भारत की लंबी तटरेखा के क्या प्रभाव हैं?
उत्तर- भारत की तटरेखा 7517 कि.मी. लंबी है। भारत तीन ओर से समुद्र से घिरा है, जिसके कारण यहाँ मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, विशाखापट्नम, कोच्चि, तुतिकोरिन, मर्मगांव, मंगलुरू, कांडला, पारादीप, हल्दिया जैसे बड़े-बड़े बंदरगाह का विकास हुआ है, जिनके द्वारा दूसरे देशों से समुद्री मार्गों से व्यापार होता है। भारत में लंबी तटरेखा होने के कारण भारत विश्व में मछली उत्पादन में महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। इसके अतिरिक्त समुद्री संसाधनों में खनिज तेल, नमक, मोती, मूंगा आदि की भी प्राप्ति होती है।

(iii) भारत का देशांतरीय फैलाव इसके लिए किस प्रकार लाभप्रद है?
उत्तर- भारत 68° पूर्वी देशांतर से 97° पूर्वी देशांतर के बीच फैला हुआ है। अर्थात् भारत का देशांतरीय विस्तार 30° है जो हमारे देश के सबसे पूर्वी और सबसे पश्चिमी भागों के बीच लगभग 2 घंटे का अंतर पैदा करता है। इसलिए गुजरात की अपेक्षा अरूणाचल प्रदेश में दो घंटे पहले सूर्योदय होता है और गुजरात में अरूणाचल प्रदेश की तुलना में दो घंटे बाद सूर्यास्त होता है। इन दोनों क्षेत्रों के सूर्योदय और सूर्यास्त के समय में अंतर होने के बावजूद घड़ी के समय में अंतर नहीं होता।

(iv) जबकि पूर्व में, उदाहरणतः नागालैंड में, सूर्य पहले उदय होता है और पहले ही अस्त होता है, फिर कोहिमा और नई दिल्ली में घड़ियाँ एक ही समय क्यों दिखाती हैं?
उत्तर- नागालैंड में सूर्य पहले उदय होता है और पहले ही अस्त होता है लेकिन नई दिल्ली में सूर्योदय और सूर्यास्त बाद में होता है। लेकिन समय दोनों स्थान पर एक ही होता है। इसका मुख्य कारण है कि भारत के विभिन्न स्थानों के समय में अंतर न हो इसके लिए एक मानक समय 82° 30′ पर खींची गई है जो इलाहाबाद के पास से गुजरती है। इसलिए भारत के विभिन्न स्थानों में सूर्योदय और सूर्यास्त के समय में अंतर होने के बावजूद घड़ी के समय में अंतर नहीं होता। उत्तर- छात्र स्वयं करें।

प्र0 3. परिशिष्ट-I पर आधारित क्रियाकलाप (इस अभ्यास को समझाने व विद्यार्थियों से करवाने में अध्यापक सहायता कर सकते हैं)
(i) एक ग्राफ़ पेपर पर मध्य प्रदेश, कर्नाटक, मेघालय, गोवा, केरल तथा हरियाणा के जिलों की संख्या को आलेखित कीजिए। क्यों जिलों की संख्या का राज्यों के क्षेत्रफल से कोई संबंध है?
(ii) उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, अरूणाचल प्रदेश, तमिलनाडु, त्रिपुरा, राजस्थान तथा जम्मू और कश्मीर में से कौन-सा राज्य सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला और कौन-सा एक न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला है?

eVidyarthi

(iii) राज्य के क्षेत्रफल व जिलों की संख्या के बीच संबंध को ढूँढिए।
(iv) तटीय सीमाओं से संलग्न राज्यों की पहचान कीजिए।
(v) पश्चिम से पूर्व की ओर स्थलीय सीमा वाले राज्यों का क्रम तैयार कीजिए।
उत्तर- छात्र स्वयं करें।

प्र0 4. परिशिष्ट-II पर आधारित क्रियाकलाप (इस अभ्यास को समझाने व विद्यार्थियों से करवाने में अध्यापक सहायता कर सकते हैं)
(i) उन केंद्र शासित क्षेत्रों की सूची बनाइए जिनकी स्थिति तटवर्ती है।
(ii) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली तथा अंडमान व निकोबार द्वीप समूह के क्षेत्रफल और जनसंख्या में अंतर की व्याख्या आप किस प्रकार करेंगे?
(iii) एक ग्राफ़ पेपर पर दंड आरेख द्वारा केंद्र शासित क्षेत्रों के क्षेत्रफल व जनसंख्या को आलेख्ति कीजिए।
उत्तर- छात्र स्वयं करें।

evidyarthi